# कार्यपत्र–14

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) क्रियाविशेषण के कितने भेद हैं? (iv) चार ✓

(ख) मंदिर <u>के पीछे</u> मेरा घर है– वाक्य में रेखांकित शब्द है– (iii) संबंधबोधक ✓

(ग) वाह! वह तो आ भी गया।– वाक्य में विस्मयादिबोधक अव्यय है– (ii) वाह! ✓

(घ) रजनी साइकिल से <u>अचानक</u> गिर गई।– वाक्य में रेखांकित शब्द है– (iv) रीतिवाचक क्रियाविशेषण ✓

(ङ) अव्यय शब्द कितने प्रकार के होते हैं? (iv) पाँच ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) जिन शब्दों में लिंग, वचन और कारक के प्रभाव से कोई परिवर्तन न आए, वे अव्यय कहलाते हैं। अव्यय के पाँच भेद हैं–

1. क्रियाविशेषण अव्यय 2. संबंधबोधक अव्यय 3. समुच्चयबोधक अव्यय 4. विस्मयादिबोधक अव्यय 5. निपात

(ख) जो अव्यय शब्द क्रिया की विशेषता का बोध कराते हैं, वे क्रियाविशेषण कहलाते हैं; जैसे– वह <u>जल्दी</u> उठ गया।

(ग) जिन शब्दों से क्रिया के परिमाण का बोध होता है, उन्हें परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं;
जैसे– वह <u>कम</u> बोलता है।

(घ) जब कोई अव्यय वाक्य में आई क्रिया की विशेषता बताते हैं तो वे क्रियाविशेषण कहलाते हैं और जब वही अव्यय वाक्य में आए संज्ञा, सर्वनाम के बीच संबंध स्थापित करते हैं तो संबंधबोधक कहलाते है।

(ङ) जो शब्द मन के हर्ष, घृणा, शोक, विस्मय, ग्लानि, लज्जा, भय आदि मनोभावों को प्रकट करते हैं, वे विस्मयादिबोधक अव्यय कहलाते हैं; जैसे– वाह! कितना सुंदर दृश्य है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय शब्दों को रेखांकित कीजिए।**

(क) तुम कक्षा <u>के बाहर</u> जाओ।

(ख) वह <u>ज़ोर-ज़ोर</u> से चिल्लाने लगा।

(ग) मैं आ न सका <u>क्योंकि</u> मुझे बस नहीं मिली।

(घ) <u>बाप रे बाप!</u> इतना बड़ा साँप।

(ङ) वह आया <u>और</u> सो गया।

**4. नीचे दिए गए अव्यय शब्दों से वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| (क) के साथ | दिनेश के साथ कौन खड़ा है? |
| (ख) धीरे-धीरे | वह धीरे-धीरे चलने लगा। |
| (ग) और | रीमा स्कूल से आई और खाना खाकर सो गई। |
| (घ) भी | मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगा। |
| (ङ) अरे! | अरे! तुम कब आए? |